**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. *233**
**उत्तर देने की तारीख 11 दिसम्बर, 2024**

## मध्य प्रदेश में भारतनेट परियोजना

***233. श्री विष्णु दत्त शर्मा:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने मध्य प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों और गांवों को ब्रॉडबैंड से जोड़ने के लिए प्रदेश में भारतनेट परियोजना शुरू की है;

(ख) यदि हां, तो मध्य प्रदेश में और विशेषतः पन्ना और कटनी जिलों तथा छतरपुर जिले के खजुराहो में ऐसी कितनी ग्राम पंचायतें और गांव हैं जिनमें ब्रॉडबैंड, वाई-फाई और एफटीटीएच सेवाएं प्रदान की गई हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री**
**(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)**

(क) से (ग) विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**“मध्य प्रदेश में भारतनेट परियोजना” के संबंध में दिनांक 11 दिसंबर, 2024 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 233 के भाग (क) से (ग) के संबंध में लोक सभा के पटल पर रखा जाने वाला विवरण**

(क) से (ग) मध्य प्रदेश सहित देश की सभी ग्राम पंचायतों में ब्रॉड्बैन्ड की कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए भारतनेट को चरणबद्ध तरीके से कार्यान्वित किया जा रहा है। अक्तूबर 2024 तक मध्य प्रदेश में 17,850 ग्राम पंचायतों को सेवा के लिए तैयार किया गया है। भारतनेट के अंतर्गत मध्य प्रदेश में कुल 57,683 फाइबर-टू-दी-होम (एफटीटीएच) कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। कई ग्राम पंचायतों में संस्थापित उपकरण वाई-फाई सेवा को सपोर्ट करते हैं।

पन्ना, कटनी और छतरपुर के जिलों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| जिला | पन्ना | कटनी | छतरपुर |
|---|---|---|---|
| गांवों की संख्या (ग्राम पंचायतों सहित) | 1443 | 1360 | 1808 |
| ग्राम पंचायतों की संख्या | 395 | 407 | 558 |
| सेवा के लिए तैयार ग्राम पंचायतों की संख्या | 390 | 115 | 225 |
| एफटीटीएच कनेक्शनों की संख्या | 901 | 339 | 650 |

*****